**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से एचआईवी एड्स संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और संक्रमित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने की अपील की है।
- विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज द्वीपसमूह में अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने कल फरारगंज और श्री विजयपुरम तहसीलों का दौरा कर विकास कार्यों का ज़ायज़ा लिया।
- तमिलनाडु के कोयम्बटुर ज़िले के पंचायत अध्यक्षों का एक प्रतिनिधिमंडल द्वीपसमूह के दौरे पर है।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव में भाग लेने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज मध्य प्रदेश के इंदौर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर लोगों से एचआईवी एड्स संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और संक्रमित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने की अपील की है। श्री नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एचआईवी सुरक्षा अधिनियम दो हजार सत्रह के माध्यम से संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी भेदभाव को रोकने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जांच और उपचार की नीति पर अमल किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम स्वरूप अब देश में एड्स से होने वाली मौत में उन्यासी प्रतिशत की कमी आई है और नए संक्रमण भी चवालीस प्रतिशत कम हुए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इस बीमारी की सबसे सस्ती और कारगर दवा बनाने में सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत वर्ष दो हजार तीस तक इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा।

<><><><><><><>

आज विश्व एड्स दिवस है। इस सिलसिले में आज अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली अंडमान क्लब से शुरू होकर शहर के अन्य भागों से होते हुए वापस अंडमान क्लब आकर संपन्न हुई। इस वर्ष का विषय है टेक द राइटस पाथ। इस अवसर पर एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्राता साहा ने कहा कि इस रैली का आयोजन लोगों में एड्स के बारे में प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए किया गया।

डॉ. साहा ने द्वीपसमूह में एड्स की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ सूजा एंथोनी के अलावा अन्य गणमान्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल प्रशासन के नए मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीपों से जुड़ी कई ज्वलंत मुद्दों को मुख्य सचिव के समक्ष रखा। सांसद ने मुख्य सचिव को द्वीपवासियों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर शुरू की जाने वाली विकासीय परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

<><><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त और ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा ने कल फरारगंज और श्री विजयपुरम तहसीलों का दौरा कर विकास कार्यों का ज़ायज़ा लिया। इस दौरान उप–मंडलीय मजिस्ट्रेट और अपर ज़िला मजिस्ट्रेट विनायक चमाड़िया भी उनके साथ उपस्थित थे। उन्होंने कड़ाकाचांग, छोलदारी और वृंदाबन गांव को जोड़ने वाली नवनिर्मित सी सी सड़कों का उद्घाटन किया। ज़िला उपायुक्त ने इस परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों और राजस्व अधिकारियों के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद ज़िला उपायुक्त ने सीपीघाट ग्राम पंचायत का दौरा किया और क्षेत्र में चल रही विकासीय परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न परियोजनाओं को भी देखा।

<><><><><><><><><><>

तमिलनाडु के कोयम्बटुर ज़िले के पंचायत अध्यक्षों का एक प्रतिनिधिमंडल द्वीपसमूह के दौरे पर है। अपने तेरह दिवसीय दौरे के दौरान वे द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीण विकास पर जानकारी हासिल कर रहे हैं। ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने इन प्रतिनिधियों के लिए स्वागत समरोह का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशक ने कहा कि इस तरह के एक्सपोज़र दौरे से एक–दूसरे से सीखने और बेहतरीन कार्य प्रणाली को अपनाने में मदद मिलती है। विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारियों ने द्वीपों में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पंचायत स्तर पर जारी विभिन्न उपलब्धियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। इसके माध्यम से प्रतिनिधियों को विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए क्षेत्र की रणनीतियों के बारे में भी बताया गया। कोयम्बटुर के ज़िला पंचायत समन्वयक ने दौरे के आयोजन और ज्ञान साझा करने के लिए निदेशालय और उसके अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><><><><>

कैम्पबेल बे के लक्ष्मी नगर पंचायत की ओर से गांधी नगर सामुदायिक हॉल में ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत प्रधान प्रहलाद सिंह ने पंचायत की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने–अपने विभागों की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शेखर राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक में अस्सी से अधिक स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक किया जाएगा। कला और संस्कृति विभाग, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से श्री विजयपुरम और आस पास के विभिन्न स्थानों तथा बाहरी द्वीपों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। उत्सव में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन मांगे गए है। इन संगठनों को कम से कम तीन या इससे अधिक कार्यक्रम तैयार कर इसकी जानकारी देने को कहा गया है, ताकि चयन समिति को चयन करने में आसानी हो सके। निर्धारित प्रपत्र सेल्यूलर जेल परिसर स्थित विभाग के कार्यालय के अलावा प्रशासन की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। भरे गए फॉर्म सीधे या मेल के जरिए पांच दिसम्बर शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। सांस्कृतिक संगठनों को छः दिसम्बर को अंडमान क्लब में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए जी टी टी सुजीत कुमार रॉय से सभी कार्य दिवसों में फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले के रंगत तहसील के अंतर्गत बकुलतला गांव में कल अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। प्रशासन ने नागरिकों को अतिक्रमण से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी साझा करने को कहा है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में उनचास दशमलव आठ मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में नौ दशमलव तीन, कार निकोबार में सात, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव चार और ननकौड़ी में एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

**<><><><><><><>**